आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 15.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–उनकी सरकार के दो साल सुशासन और विकास को समर्पित रहे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन के अम्मान पहुंचने पर भव्य स्वागत।
- देश में पिछले 11 वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं से बदलते भारत की दिशा में नये आयाम स्थापित करने का आह्वान किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार के 2 साल सुशासन की स्थापना और विकास को समर्पित रहे हैं। श्री शर्मा आज सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर जयपुर के आर यू एच एस अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है और समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने जिस संकल्प के साथ सरकार को बनाया सरकार भी इसी संकल्प के साथ काम कर रही है और युवा महिला किसान और मजदूर सरकार की प्राथमिकता में है। श्री शर्मा ने कहा कि लगभग हर मोर्चे पर उनकी सरकार ने केवल 2 साल में ही पिछली सरकार के 5 साल की तुलना में अधिक कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर विपक्ष को सदन के अंदर और बाहर खुली चर्चा करने की भी चुनौती दी।

..............

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य को उन्नत बनाने और स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को उन ऊंचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य है कि विदेश के लोग भी यहां उपचार करने के लिए आए।

..............

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कई कार्यक्रमों और योजनाओं का शुभारंभ किया।

000

राज्य सरकार के 2 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कई कार्यक्रमों में भाग लिया। आज मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर की पिंजरापोल गौशाला में गायों की पूजा अर्चना और गौ सेवा की। मुख्यमंत्री ने दोपहर में डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित मुकुट मुखारविंद मन्दिर में सपत्नीक श्री गिरिराज जी की विधिवत पूजा–अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और आमजन की सुख–समृद्धि की प्रार्थना की।

इसके बाद श्री शर्मा ने श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा की ओर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से आत्मीयपूर्ण संवाद भी किया। आज शाम श्री शर्मा ने जयपुर के जवाहर कला केंद्र में राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में पिछले दो साल की विभिन्न विभागों की उपलब्धियां को दर्शाया गया है। राज्य सरकार की वर्षगांठ के मौके पर प्रदेशभर में नव उत्थान–नई पहचान, बढ़ता राजस्थान–हमारा राजस्थान, थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश में कल से शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित किये जाएंगे। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इन शिविरों में शहरी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के प्रयास किये जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन के अम्मान पहुंच गए हैं। जॉर्डन के प्रधानमंत्री डॉ. जाफर हसन ने उनका औपचारिक स्वागत किया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए श्री जाफर हसन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे। किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 37 वर्षों के अंतराल के बाद जॉर्डन के द्विपक्षीय दौरे पर हैं। दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर हैं।

000

देश में पिछले 11 वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत अब कोयले का चौथा सबसे बड़ा शोधन केंद्र है। श्री गोयल ने बताया कि पवन ऊर्जा क्षमता बढ़कर 53 गीगावाट हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से सरकार ने केवल परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया है और पिछले ग्यारह वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक बदलाव हुए हैं।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं का आव्हान किया है कि वे अपनी स्वतंत्र सोच को मजबूत आवाज के साथ रखें और समस्या के साथ समाधान भी सुझाएं। श्री देवनानी आज विधान सभा में प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों कीयुवा संसद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा कानून बनाने के साथ युवाओं को मुख्य धारा में लाने का सशक्त मंच भी है। श्री देवनानी ने कहा कि युवा शक्ति को बदलते भारत की दिशा में नये आयामों के लिए भरपूर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि युवा लोकतांत्रिक शक्ति के सक्रिय वाहक है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि युवा देश का भावी नेतृत्व है, उन्हें समन्वय के साथ लोकतन्त्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। युवा संसद में 41 जिलों के सरकारी स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12वीं के 164 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

000

राजसमन्द में पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय में आज ज़िला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित हुआ। इस आयोजन में ज़िले भर से करीब 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवाओं ने समूह नृत्य, एकल गायन, भित्ति चित्र और कहानी जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस महोत्सव का उद्देश्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवाओं को मंच देना था, जिन्हें अवसर नहीं मिल पाया था। राजस्थान की लुप्त हो रही कलाओं को भी प्रोत्साहन मिला।

000

दिसम्बर का महीना आधा बीतने के बाद भी अब तक राज्य के ज्यादातर भागों में कड़ाके की ठण्ड नहीं पड़ रही है। प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य 2 से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। बीते 24 घंटे में सबसे कम तापमान 5.3 डिग्री फतेहपुर में दर्ज किया गया। इसके अलावा, नागौर में पारा 5 .9 डिग्री मापा गया। अन्य स्थानों पर 8 से दस डिग्री वहीं फलौदी में रात का तापमान 14 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के वैज्ञानिक हिमांशु शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि मौसम का ऐसा ही मिजाज रहने वाला है और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की उम्मीद नहीं है।

000

राज्य में आज घने कोहरे के कारण हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में कई यात्री घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। जैसलमेर ज़िले के बाड़मेर रोड स्थित जोधा गाँव के पास घने कोहरे के चलते एक स्कूल बस और कैम्पर की आमने–सामने की टक्कर में तीन स्कूली छात्रों सहित करीब 12 लोग घायल हो गए। इनमें से पाँच गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। वहीं, भीलवाड़ा ज़िले के माण्डल में करेड़ा मार्ग पर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक निजी बस पलटने से करीब 25 लोग घायल हो गए। भरतपुर के उच्चैन में भी आज सुबह घने कोहरे में अज्ञात वाहन ने एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

000

करौली में किसानों को आधुनिक खेती की नई तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से, आत्मा योजना के तहत 50 प्रगतिशील किसानों का एक दल अंतरराज्यीय कृषि भ्रमण के लिए गया है। कृषि उपनिदेशक धर्म सिंह मीना ने बताया कि 19 दिसम्बर तक चलने वाले भ्रमण के दौरान, किसान विभिन्न प्रतिष्ठित कृषि अनुसंधान संस्थानों और कृषि विज्ञान केंद्रों का दौरा करेंगे। वे वहाँ कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों की जानकारी हासिल करेंगे।

000

चूरू ज़िले के ताल छापर में आज स्वयंसेवी संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में ज़िला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दस से अधिक व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

000